देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 11 मार्च 2024। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर में दोपहर बाद शुरू हुई। बैठक में सर्वप्रथम पिछली कार्यपरिषद् की बैठक में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि की गई तत्पश्चात वर्ष 2023 की एम.एड. चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा एवं माह दिसम्बर 2023 के विभिन्न सेमेस्टर एवं पूरक परीक्षाओं के प्रकरणों के संबंध में यू.एफ.एम. समिति के निर्णय अनुमोदित किए गए। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्ययन परिषद् (नैक) को प्रतिवर्ष भेजी जाने वाली वार्षिक गुणवत्ता रिर्पोट से संबंधित जानकारी कार्यपरिषद् सदस्यों को दी गई।

डॉ. शिखा त्रिवेदी, देवी अहिल्या कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय (जगदाले कालेज) इन्दौर की सेवा समाप्ति विषय के संबंध में गठित कमेटी के निर्णय को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। बैठक में स्कूल ऑफ आयुष केन्द्र की स्थापना की प्रक्रिया निर्धारण हेतु गठित समिति के कार्य विवरण पर भी चर्चा की गई । बैठक में माननीय कार्यपरिषद् सदस्यों के समक्ष डॉ. वसंत साठे, केन्द्र निदेशक यूजीसी–डीएई द्वारा केन्द्र हेतु विश्वविद्यालय से अतिरिक्त भूमि प्राप्त करने हेतु पॉवर पाईंट प्रजेंटेशन दिया गया।

एम.एस.सी. केमेस्ट्री, में (देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में अध्ययनरत) सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को **''स्वर्गीय श्री सतीशकान्त जैन स्मृति स्वर्ण पदक''** एवं **''स्वर्गीय श्रीमती दुर्गा देवी आर. जी. शर्मा स्मृति स्वर्ण पदक''** प्रदान किए जाने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

विश्वविद्यालय के आई.ई.टी. संस्थान में एल्युमिनी एसोसिएशन द्वारा सिविल इन्जीनियरिंग रिसर्च सेल स्थापित कर संचालित करने एवं 5000 स्केवर फीट का नया भवन बनाने की स्वीकृति कार्यपरिषद् द्वारा प्रदान की गई।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के वार्षिक बजट को पारित करने हेतु कार्यपरिषद् की आगामी बैठक दिनांक 14/03/2024 को ईएमआरसी, तक्षशिला परिसर में आयोजित की जायेगी।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी